कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 13.08.2024

विषयः- शातिर वाहन चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 280/2024, धारा- 303(2) बीएनएस थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल मौर्य पुत्र स्वर्गीय पप्पू मौर्य निवासी ग्राम शिवदासपुर नई बस्ती मण्डुआडीह, वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को दिनांक- 12.08.2024 को नरिया- करौंदी रोड से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 30.07.2024 को वादी मुकदमा श्री शैलू कन्नौजिया द्वारा साकेतनगर कालोनी से अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर लिये जाने की लिखित शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0280/2024 अन्तर्गत धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा वाहन व अज्ञात चोर की तलाश हेतु थाना स्थानीय से टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा वाहन व चोर की तलाश के क्रम में दिनांक 12.08.2024 को नरिया करौंदी रोड से एक नफर अभियुक्त राहुल मौर्य पुत्र स्वर्गीय पप्पू मौर्य निवासी ग्राम शिवदासपुर नई बस्ती मण्डुआडीह, वाराणसी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से मौके से एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो बारंग सिल्वर संख्या UP65BH2437 बरामद हुयी तथा बाद पूछताछ अभियुक्त की निशांदेही पर अन्य 02 मोटरसाइकिलें क्रमशः सुपर स्पलेण्डर ब्लैक कलर व पैशन प्रो लाल रंग की बरामद हुयी।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बता रहा है कि साहब मैं थाना रामनगर व मण्डुवाडीह क्षेत्र से दो गाड़ियाँ चुराया था तथा एक गाड़ी मैने साकेतनगर लंका से चुराया था। साहब चोरी की गयी गाड़ियों को मैं 8 से 10 हजार रूपये में बेच देता हूँ तथा उन रूपयों से अपने शौक पूरे करता हूँ। साहब मुझे माफ कर दीजिए आगे से मैं चोरी नहीं करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता- 1. राहुल मौर्य पुत्र स्वर्गीय पप्पू मौर्य निवासी ग्राम शिवदासपुर नई बस्ती मण्डुआडीह, वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 12.08.2024 को करौंदी नरिया रोड, थानाक्षेत्र चितईपुर, कमि0 वाराणसी।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0सं0 280/2024 धारा 303(2)/317/317(1) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।
2. मु0अ0सं0 154/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना रामनगर, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 166/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह, कमि0 वाराणसी।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0 063/2018 धारा 379, 411 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 166/2018 धारा 380,457 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 742/2019 धारा 380,411,414,457 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 163/2018 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह, कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 650/2017 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह, कमि0 वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 657/2017 धारा 380,411,457 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकास कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमित कुमार शुक्ल, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 मनोज कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 कृष्णकान्त पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 तहसीन अहमद, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 अनुराग यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी